Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## फरवरी भाग-1 2023

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-1

1. आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. जुलाई 2021 से क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI) और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) दोनों में ही सुधार हुआ है।
   2. हेडलाइन मुद्रास्फीति को वित्तीय वर्ष 2023 के लिये RBI द्वारा निर्धारित लक्ष्य सीमा के भीतर रहने का अनुमान लगाया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

2. चगास रोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. चगास रोग एक जीवाणु संक्रमण है जो त्वचा संबंधी रोगों का कारण बनता है।
   2. यह मुख्य रूप से ट्रायटोमाइन बग के काटने से फैलता है, जिसे "किसिंग बग" के रूप में भी जाना जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

3. निम्नलिखित में से किस देश की सीमा कैस्पियन सागर से लगती है:

   1. रूस
   2. तुर्कमेनिस्तान
   3. किर्गिज़स्तान
   4. ईरान
   5. आर्मीनिया

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   A. केवल 1, 2 और 3
   B. केवल 2, 3 और 5
   C. केवल 1, 2 और 4
   D. 1, 2, 3, 4 और 5

4. उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (PLI) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. इसका उद्देश्य भारत में प्रमुख सेवा क्षेत्रों के मूल्य में वृद्धि करना है।
   2. इस योजना के अनुसार, प्रोत्साहनों की गणना पाँच वर्षों की अवधि में किये गए स्थानीय मूल्यवर्द्धन द्वारा की जाती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

5. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मतदान शक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राष्ट्र का कोई भी सदस्य जो सुरक्षा परिषद का सदस्य नहीं है, प्रत्येक चर्चा में भाग लेता है।
2. पाँच स्थायी सदस्यों में से किसी एक का "नकारात्मक" वोट संकल्प को पारित होने से रोक सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

6. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. "क्लाइमेट फोर्सिंग पाथवे" के रूप में प्रचलित कानूनों, नवाचारों और प्रथाओं की श्रृंखला ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने एवं जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिये है।
2. कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क (Artificial Neural Network-ANN) भविष्यवाणी जलवायु मॉडलिंग काआधार है जो मानव मस्तिष्क की संरचना और संचालन से प्रेरित है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

7. 'विश्व आर्थिक आउटलुक' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में वैश्विक विकास बढ़ने का अनुमान है।
2. वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में अधिकांश देशों में हेडलाइन मुद्रास्फीति कम होने की उम्मीद है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

8. खाद्य और कृषि (FAO) संगठन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. FAO एक स्वतंत्र एजेंसी है जो भुखमरी को समाप्त करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्व करती है।
2. विश्व खाद्य दिवस प्रत्येक वर्ष 16 अक्तूबर को मनाया जाता है।
3. स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स फॉरेस्ट्स (SOFO) को FAO द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

9. अनुच्छेद 22 के अनुसार निम्नलिखित में से किस समूह को गिरफ्तारी और निरोध से संरक्षण का अधिकार है?

A. केवल नागरिक।
B. केवल गैर-नागरिक।
C. नागरिक और गैर-नागरिक दोनों।
D. इनमें से कोई भी नहीं।

नोट :

10. केंद्रीय बजट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राजस्व विभाग संसद में प्रस्तुत किये जाने वाले केंद्रीय बजट की तैयारी के लिये ज़िम्मेदार है।
2. बजट को लोकसभा द्वारा बहुमत के समर्थन से पारित किया जाना चाहिये।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

11. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. हाइड्रोपोनिक सिस्टम शहरी खेती में उपयोग की जाने वाली एक प्रकार की तकनीक है जो पौधों को मृदा के बिना उगाने में सहायता करती है।
2. न्यूट्रिएंट फिल्म टेक्निक (Nutrient Film Technique- NFT) एक प्रकार की हाइड्रोपोनिक प्रणाली है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

12. भारतीय संविधान के 'अनुच्छेद 21' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कानून की उचित प्रक्रिया के अलावा किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जाएगा।
2. भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने निजता के अधिकार को पूर्ण अधिकार के टैग के साथ मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

13. केंद्रीय बजट 2023-24 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह बजट 2019 में पहली बार अनावरण की गई द्वि-आयामी विकास रणनीति की तर्ज पर है।
2. रेलवे के लिये पूंजीगत परिव्यय अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुँच गया है।
3. पूंजी निवेश परिव्यय में 33% की वृद्धि का प्रस्ताव किया गया है, जो पिछले एक दशक में सबसे अधिक वृद्धि है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

14. हैज़ा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जीवाणु विब्रियो कोलेरी के साथ आँत के संक्रमण के कारण होने वाली एक तीव्र अतिसारीय बीमारी है।
2. जलवायु परिवर्तन हैज़ा की महामारी को और अधिक सामान्य बना सकता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

15. निम्नलिखित में से कौन-सा देश फारस की खाड़ी के साथ सीमा साझा नहीं करता है?

1. इराक
2. ईरान
3. जॉर्डन
4. संयुक्त अरब अमीरात
5. सऊदी अरब
6. यमन

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 2, 4 और 5

B. केवल 4 और 5

C. केवल 3 और 6

D. केवल 4, 5 और 6

16. 'सिकल सेल रोग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें सिकल सेल के आकार की लाल रक्त कोशिकाएँ सामान्य लाल रक्त कोशिकाओं की तुलना में अधिक संवेदनशील होती हैं और समय से पहले ही विभाजित और मर जाती हैं।
2. ये सिकल सेल फँस जाते हैं और छोटी रक्त वाहिकाओं में रक्त के प्रवाह को बाधित करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

17. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया निर्धारित करता है।
2. जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (RPA), 1950 राजनीतिक दलों के पंजीकरण से संबंधित है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

18. संविधान का निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद राष्ट्रपति को किसी दिये गए राज्य की आधिकारिक भाषा के रूप में एक भाषा को मान्यता देने की शक्ति देता है?

A. अनुच्छेद 345

B. अनुच्छेद 346

C. अनुच्छेद 347

D. अनुच्छेद 351

नोट :

19. हाल ही में समाचारों में देखा गया लामू द्वीप समूह किस महासागर में स्थित है?
   A. हिंद महासागर
   B. अटलांटिक महासागर
   C. प्रशांत महासागर
   D. भूमध्य सागर

20. पीएम कुसुम (PM Kusum) योजना के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसका उद्देश्य किसानों को उनकी शुष्क भूमि पर सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता स्थापित करने और इसे ग्रिड को बेचने में सक्षम बनाना है।
   2. इसे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

21. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. चुंबकीय कण पक्षियों के चुंबकीय नेविगेशन सिस्टम को बाधित कर उनके प्रवासी प्रतिरूप में हस्तक्षेप कर सकते हैं।
   2. चुंबकीय नैनोकण मानव मस्तिष्क में प्रवेश कर सकते हैं और मुक्त कण उत्पन्न कर सकते हैं।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

22. 'स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (SISFS)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. सीड फंड एक निवेश फंड है जो स्टार्टअप्स को आमतौर पर सीड कैपिटल के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
   2. उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) ने इस योजना की देखरेख के लिये विशेषज्ञ सलाहकार समिति (EAC) गठित की है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. विश्व आर्द्रभूमि दिवस (WWD) प्रत्येक वर्ष 2 फरवरी को मनाया जाता है।
   2. वर्ष 2023 के विश्व आर्द्रभूमि दिवस की थीम 'वेटलैंड रिस्टोरेशन' है।
   3. एशिया में भारत के पास रामसर साइटों का सबसे बड़ा नेटवर्क है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 1 और 3
   D. 1, 2 और 3

नोट :

24. पेरिस क्लब के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य अपने ऋणों को चुकाने में असमर्थ देशों के लिये स्थायी ऋण-राहत समाधान खोजना है।
2. विश्व के सबसे बड़े द्विपक्षीय ऋणदाता के रूप में चीन के उभरने के साथ इसका महत्त्व कम हो गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

25. वरुण अभ्यास निम्नलिखित में से किसके बीच एक संयुक्त नौसैनिक अभ्यास है?

A. भारत और जापान
B. भारत और फ्राँस
C. भारत और ऑस्ट्रेलिया
D. भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका

26. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. भूकंप का अधिकेंद्र पृथ्वी की सतह के नीचे का बिंदु होता है जहाँ से भूकंपीय ऊर्जा निकलती है।
2. मर्केली स्केल भूकंप के परिमाण को मापता है, जो एक भूकंपीय घटना द्वारा जारी ऊर्जा की मात्रा का माप है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

27. 'विश्वभारती विश्वविद्यालय' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्वविद्यालय की स्थापना आचार्य नरेंद्र देव ने पूर्वी और पश्चिमी संस्कृतियों की सर्वश्रेष्ठता को एक साथ लाने हेतु की थी।
2. यूनेस्को द्वारा इसे "विरासत" टैग प्रदान किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

28. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (NCST) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना संविधान के अनुच्छेद 368 में संशोधन द्वारा की गई थी।
2. इसकी स्थापना 89वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा की गई थी।
3. आयोग के सदस्यों में कम-से-कम एक महिला सदस्य का होना अनिवार्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

29. राजकोषीय घाटे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कम राजकोषीय घाटे से मुद्रास्फीति और कर्ज़ का बोझ बढ़ सकता है।
2. उच्च घाटा को एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था के सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

30. म्यूऑन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे अंतरिक्ष से बरसने वाले उप-परमाणु (Subatomic) कण हैं।
2. वे अत्यधिक अस्थिर हैं और केवल 2.2 माइक्रोसेकंड के लिये स्थिर रहते हैं।
3. म्यूऑन के कण प्रोटॉन के समान होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

31. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. हीरा एक क्रिस्टल जालीनुमा संरचना में व्यवस्थित एकल तत्त्व कार्बन परमाणुओं से बना होता है।
2. रासायनिक वाष्प जमाव (Chemical Vapor Deposition- CVD) प्रयोगशाला में विकसित हीरे (LGD) का उत्पादन करने हेतु उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

32. 'केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. फुमदी केवल केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में पाई जाती है।
2. राष्ट्रीय उद्यान पैलेआर्कटिक प्रवासी जलपक्षी का एक महत्त्वपूर्ण शीतकालीन मैदान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

33. AI चैटबॉट बार्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह लैंग्वेज़ मॉडल फॉर डायलॉग एप्लीकेशन (LaMDA) पर आधारित है, जो गूगल का अपना संवादी AI चैटबॉट है।
2. इसे ट्रांसफॉर्मर तकनीक पर बनाया गया है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

34. परिसीमन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह किसी देश में क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का निर्धारण की एक प्रक्रिया है।
2. भारत में परिसीमन की प्रक्रिया 2036 के बाद होने वाली पहली जनगणना तक स्थगित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

35. बाल विवाह निषेध अधिनियम (PCMA), 2006 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस अधिनियम के तहत बाल विवाह को अमान्य माना जाता है।
2. अधिनियम बाल विवाह के लिये कठोर कारावास की सज़ा देता है जिसे दो वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।
3. बाल विवाह करने वाले, संचालन करने वाले, निर्देशित करने वाले या इसके लिये उकसाने वाले किसी भी व्यक्ति को यह सज़ा दी जा सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

36. T-सेल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?

A. T-सेल अनुकूली प्रतिरक्षा प्रणाली का हिस्सा हैं, जिसका अर्थ है कि वे समय के साथ नए प्रतिजनों के अनुकूल हो सकती हैं।

B. T-सेल हाइपोथैलेमस ग्रंथि में परिपक्व होती हैं और फिर रक्त एवं लसीका प्रणाली में फैलती हैं।

C. A और B दोनों

D. A और B दोनों नहीं

37. ऑपरेशन दोस्त के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?

A. यह अफगानिस्तान को मानवीय सहायता प्रदान करने हेतु भारत का ऑपरेशन है, जिसमें 40,000 मीट्रिक टन गेहूँ, दवाएँ, कोविड वैक्सीन, सर्दियों के कपड़े और आपदा राहत शामिल है।

B. यह नाम हाल ही में श्रीलंका को खाद्यान्न, उर्वरक और पेट्रोलियम सहायता प्रदान करने की भारतीय पहल को दिया गया है।

C. भूकंप प्रभावित तुर्किये को सहायता (आवश्यक, चिकित्सा आपूर्ति) पहुँचाने हेतु यह भारत का ऑपरेशन है।

D. यह एक त्रिपक्षीय तट रक्षक अभ्यास है जिसमें भारत, श्रीलंका और मालदीव शामिल हैं।

38.निम्नलिखित में से किस देश की सीमा अफगानिस्तान से लगती है ?

1. किर्गिज़स्तान
2. तजाकिस्तान
3. तुर्कमेनिस्तान
4. उज़्बेकिस्तान
5. ईरान
6. इराक

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1, 2, 4 और 5

B. केवल 2, 3, 4 और 5

C. केवल 3, 4 और 5

D. केवल 1, 2, 3, 4 और 6

39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मौद्रिक नीति समिति (MPC) रेपो दर, सांविधिक तरलता अनुपात (SLR) और नकद आरक्षित अनुपात (CRR) का निर्धारण करती है।
2. रेपो रेट वह दर है जिस पर RBI वाणिज्यिक बैंकों से प्रतिभूतियों के बदले धन उधार देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

40. NISAR (नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे पृथ्वी की निम्न कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट) में स्थापित किया जाएगा।
2. इसका उद्देश्य चंद्रमा मानचित्रण करना है।
3. इसमें द्वैध आवृत्ति वाला इमेजिंग रडार शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

41. प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (Primary Agricultural Credit Societies- PACS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. PACS बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के दायरे में कार्य करती हैं।
2. PACS शेयर जारी करने हेतु अधिकृत नहीं हैं और न ही उन्हें शेयरों में निवेश करने की अनुमति है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

42. इनिशियल पब्लिक ऑफर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इनिशियल पब्लिक ऑफर (IPO) एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक निजी स्वामित्त्व वाली कंपनी स्टॉक एक्सचेंज में सार्वजनिक रूप से कारोबार करती है।
2. IPO में शेयरों की कीमत आपूर्ति और मांग द्वारा निर्धारित होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत वर्तमान में कच्चे इस्पात का विश्व में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।
2. भारत तैयार इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है।
3. झारखंड भारत में महत्त्वपूर्ण इस्पात उत्पादक केंद्रों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संसद सदस्यों को संसद में अपने बयानों के लिये न्यायालयी कार्यवाही से सुरक्षा प्राप्त है।
2. पीठासीन अधिकारी तय करते हैं कि भाषण के किन हिस्सों को हटाया जाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

45. नमस्ते (NAMASTE) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सभी शहरों और कस्बों में सेप्टिक टैंकों एवं सीवरों की 100% यांत्रिक सफाई सुनिश्चित करने हेतु सरकारी पहल है।
2. यह आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा शुरू की गई केंद्र प्रायोजित योजना है।
3. यह सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता से संबंधित उपकरणों की खरीद हेतु वित्तीय सहायता और सब्सिडी (पूंजी+ब्याज) प्रदान करके मशीनीकरण एवं उद्यम विकास को बढ़ावा देगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

46. बाल्टिक सागर के आसपास कौन-से देश स्थित हैं?

A. नॉर्वे, स्वीडन, फिनलैंड और डेनमार्क
B. पोलैंड, लिथुआनिया, आइसलैंड और रूस
C. आइसलैंड, ग्रीनलैंड, स्वीडन और फिनलैंड
D. लातविया, एस्टोनिया, रूस और फिनलैंड

47. निम्नलिखित में से कौन-से हिमनद झील के फटने से आने वाली बाढ़ (Glacial Lake Outburst Flood- GLOF) के कारक हैं?

1. ग्लेशियर के आयतन में परिवर्तन
2. झील के जल स्तर में परिवर्तन
3. भूकंप

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. 1 और 2 केवल

B. केवल 2

C. 2 और 3 केवल

D. 1, 2 और 3

48. निम्नलिखित में से कौन-सा क्रोनी कैपिटलिज़्म का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

A. भ्रष्टाचार का एक रूप जिसमें राजनीतिक सत्ता से करीबी संबंध रखने वाले व्यक्तियों का पक्ष लिया जाता है।

B. पूंजीवाद का एक रूप जिसमें योग्यता के आधार पर व्यक्तियों का चयन किया जाता है।

C. पूंजीवाद का एक रूप जिसमें उत्पादन के सभी साधनों पर सरकार का अधिकार होता है।

D. प्रतियोगिता का एक रूप जहाँ व्यवसाय निष्पक्ष रूप से प्रतिस्पर्द्धा करते हैं।

49. तरकश (TARKASH) संयुक्त अभ्यास निम्नलिखित में से किन देशों के बीच आयोजित हुआ?

A. भारत और अमेरिका

B. भारत और ईरान

C. भारत और ऑस्ट्रेलिया

D. भारत और ताजिकिस्तान

50. इसरो के लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. SSLV तीन चरणों वाला प्रक्षेपण यान है जिसे तीन ठोस प्रणोदन चरणों के साथ संरूपित किया गया है।
2. इसके द्वारा दो अंतरिक्ष यान वर्ष 2008 में चंद्रयान -1 और वर्ष 2013 में मार्स ऑर्बिटर को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

51. 'भूकंपीय तरंगों' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. P- तरंगें अनुप्रस्थ तरंगें हैं जो ठोस, तरल तथा गैस माध्यम से गुज़र सकती हैं।
2. S- तरंगें अनुदैर्ध्य तरंगें हैं जो केवल ठोस तथा तरल माध्यम से ही गुज़र सकती हैं लेकिन गैस के माध्यम से नहीं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

52. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (PM-ABHIM) का लक्ष्य केवल ग्रामीण क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण देखभाल और बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को दूर करना है।
2. PM-ABHIM योजना एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

53. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विदेशी मुद्रा से जुड़े सभी लेन-देन को या तो पूंजी या चालू खाता लेन-देन के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
2. पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 182 दिनों से अधिक समय तक भारत में रहने वाले व्यक्ति को 'भारत में निवासी व्यक्ति' के रूप में परिभाषित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

54. E-20 ईंधन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह डीज़ल के साथ 20% इथेनॉल का मिश्रण है।
2. यह वाहन की प्रदर्शन क्षमता को कम कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

55. सरोजिनी नायडू के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह भारतीय-ब्रिटिश सहयोग हेतु गोलमेज़ सम्मेलन के पहले सत्र में गांधीजी के साथ लंदन गई थीं।
2. उन्हें वर्ष 1925 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC) की पहली भारतीय महिला अध्यक्ष के रूप में चुना गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

56. 'माइक्रो-एलईडी' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये एलईडी स्व-प्रदीप्त डायोड हैं, जिसका अर्थ है कि जब विद्युत प्रवाह उनके माध्यम से गुज़रता है तो वे प्रकाश उत्सर्जित करते हैं।
2. माइक्रो-एलईडी डिस्प्ले आमतौर पर गैलियम नाइट्राइड जैसे अकार्बनिक पदार्थों का उपयोग करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

57. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. इन्फ्लूएंज़ा (फ्लू) वायरस चार प्रकार के होते हैं: इन्फ्लूएंज़ा A, B, C और D।
2. इन्फ्लूएंज़ा A वायरस को दो प्रकार के प्रोटीन HA और NA के आधार पर उप-प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

58. 'ब्लैक सोल्जर फ्लाई' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. यह स्ट्रैटिओमाइडे परिवार से संबंधित है जो आमतौर पर विश्व के कई हिस्सों में पाए जाते हैं।
2. इनमें उच्च अपशिष्ट-से-बायोमास रूपांतरण की दक्षता होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. भारत के कृषि-निर्यात विकास में दो बड़े योगदानकर्त्ता गेहूँ और चीनी हैं।
2. भारत कपास के शुद्ध निर्यातक से शुद्ध आयातक बन गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

60. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा 'निर्माण से शक्ति' पहल के बारे में सही है?

A. यह आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) द्वारा कार्यान्वित की जा रही शहरी आवास के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के तहत एक उप-योजना है।

B. यह ग्रामीण विकास मंत्रालय (MoRD) द्वारा कार्यान्वित की जा रही ग्रामीण आवास के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के तहत एक उप-योजना है।

C. यह राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन के अंतर्गत परियोजनाओं हेतु गुणवत्ता जाँच सुनिश्चित करने के लिये एक तंत्र है।

D. यह कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा अस्पतालों के उन्नयन, निगरानी के लिये रीयल टाइम डैशबोर्ड के माध्यम से अपने बुनियादी ढाँचे का आधुनिकीकरण करने हेतु एक पहल है।

61. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. चक्रवाती स्थितियों में सामान्यत: उच्च वायुमंडलीय दबाव, उच्च आर्द्रता और तेज़ हवाएँ शामिल होती हैं।

B. उत्तरी गोलार्द्ध में चक्रवाती हवाएँ कम दबाव वाले केंद्र के चारों ओर दक्षिणावर्त घूमती हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

62. 'मारबर्ग वायरस रोग (MVD)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. MVD एक असामान्य लेकिन गंभीर वायरल रक्तस्रावी बुखार है जो विशेष रूप से केवल मनुष्यों को प्रभावित करता है।
2. यह रोग मारबर्ग वायरस के कारण होता है जो फाइलोवायरस परिवार का DNA वायरस है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

63. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद सर्वोच्च न्यायालय को उसके द्वारा सुनाए गए किसी निर्णय या दिये गए आदेश की समीक्षा करने की विशेष शक्ति प्रदान करता है?

A. अनुच्छेद 372
B. अनुच्छेद 245
C. अनुच्छेद 137
D. अनुच्छेद 246

64. क्वासीक्रिस्टल के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. क्वासीक्रिस्टल में परमाणु एक पैटर्न में व्यवस्थित होते हैं जो एक निश्चित, दोहराए जाने वाले पैटर्न के बजाय अनियमित अंतराल पर खुद को दोहराता है।
2. संयुक्त राज्य अमेरिका में खातिरका उल्कापिंड में पहला प्राकृतिक क्वासीक्रिस्टल खोजा गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही

65. एयर-लॉन्च्ड अनमैन्ड एरियल व्हीकल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे ज़मीन से लॉन्च किये गए UAV की तुलना में अधिक ऊँचाई पर कार्य करने में सक्षम हैं।
2. उनका मुख्य उद्देश्य दुश्मन की मिसाइलों का अवरोधन है।
3. वे उन्नत संवेदक और संचार उपकरणों से युक्त हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

## व्याख्या भाग-1

**1 A**

**व्याख्या:**

- जुलाई 2021 से, क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) दोनों दोनों में ही सुधार हुआ है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह अनुमान लगाया गया है कि हेडलाइन मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2023 में 6.8 प्रतिशत होगी, जो कि RBI द्वारा निर्धारित लक्ष्य सीमा से बाहर है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**2 B**

**व्याख्या:**

- चगास रोग, जिसे अमेरिकन ट्रिपैनोसोमियासिस के रूप में भी जाना जाता है, एक परजीवी संक्रमण है जो प्रोटोजोआ परजीवी ट्रिपैनोसोमा क्रूज़ी के कारण होता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- चगास रोग के लक्षण हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं और इसमें बुखार, थकान, शरीर में दर्द और एक तरफ के पलक में सूजन शामिल है।
- यह मुख्य रूप से ट्रायटोमाइन बग के काटने से फैलता है, जिसे "किसिंग बग" के रूप में भी जाना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह रोग गर्भावस्था के दौरान रक्त आधान, अंग प्रत्यारोपण और माँ से बच्चे में भी फैल सकता है।

नोट :

3 C

**व्याख्या:**

- कैस्पियन सागर रूस (उत्तर पश्चिम), अज़रबैजान (पश्चिम), ईरान (दक्षिण), तुर्कमेनिस्तान (दक्षिण पूर्व) और कज़ाखस्तान (पूर्वोत्तर) से घिरा है। **अतः विकल्प C सही है।**




4 B

**व्याख्या:**

- **उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन' योजना (PLI Scheme):**
  - भारत सरकार द्वारा 14 प्रमुख विनिर्माण क्षेत्रों में PLI योजना की शुरुआत विनिर्माण उद्योग के लिये अपने रणनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - 1.97 लाख करोड़ रुपए के बजट के साथ यह योजना विभिन्न प्रोत्साहनों और सहयोग उपायों के माध्यम से लक्षित उद्योग के विकास और स्थिरता को प्रोत्साहित करने के लिये अच्छी तरह से डिज़ाइन की गई है।
  - मार्च 2020 में शुरू की गई इस योजना ने प्रारंभ में तीन उद्योगों को लक्षित किया:
  - मोबाइल और संबद्ध घटक विनिर्माण
  - विद्युत घटक विनिर्माण
  - चिकित्सीय उपकरण
- **लक्षित क्षेत्र:**
  - इसके तहत लक्षित 14 क्षेत्र इस प्रकार हैं- मोबाइल विनिर्माण, चिकित्सा उपकरणों का निर्माण, ऑटोमोबाइल और ऑटो घटक (Auto Components), फार्मास्यूटिकल्स, दवाएँ, विशेष इस्पात, दूरसंचार और नेटवर्किंग/संजाल उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, एसी और एलईडी, खाद्य उत्पाद, वस्त्र उत्पाद, सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन विज्ञान सेल (Advanced Chemistry Cell-ACC) बैटरी और ड्रोन एवं ड्रोन संबंधित घटक।

नोट :

- **योजना के तहत प्रोत्साहन:**
  - दिये जाने वाले प्रोत्साहनों की गणना बढ़ी हुई बिक्री के आधार पर की जाती है।
    - उन्नत रसायनिक सेल बैटरी, वस्त्र उत्पाद और ड्रोन उद्योग जैसे कुछ क्षेत्रों में दिये जाने वाले प्रोत्साहनों की गणना पाँच वर्ष की अवधि में की गई बिक्री, प्रदर्शन तथा स्थानीय मूल्यवर्द्धन के आधार पर की जाएगी। **अत: कथन 2 सही है।**
  - अनुसंधान एवं विकास हेतु निवेश पर ज़ोर दिये जाने से किसी भी उद्योग को वैश्विक रुझानों के साथ अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में प्रतिस्पर्द्धी बने रहने में मदद मिलेगी।

**5 B**

**व्याख्या:**

- सुरक्षा परिषद की स्थापना वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर द्वारा की गई थी। यह संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में से एक है।
  - संयुक्त राष्ट्र के 5 अन्य अंग हैं- महासभा (UNGA), ट्रस्टीशिप काउंसिल, आर्थिक और सामाजिक परिषद, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय और सचिवालय।
- सुरक्षा परिषद के प्रत्येक सदस्य के पास एक वोट होता है। मामलों पर सुरक्षा परिषद के निर्णय नौ सदस्यों के सकारात्मक वोट द्वारा किये जाते हैं, जिसमें स्थायी सदस्यों के सहमति वाले वोट भी शामिल होते हैं। पाँच स्थायी सदस्यों में से एक का 'नकारात्मक' वोट प्रस्ताव को पारित करने से रोक देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- संयुक्त राष्ट्र का कोई भी सदस्य जो सुरक्षा परिषद का सदस्य नहीं है, सुरक्षा परिषद के समक्ष लाए गए किसी भी प्रश्न की चर्चा में बिना मतदान के भाग ले सकता है; जब भी संयुक्त राष्ट्र को लगता है कि उस सदस्य के हित विशेष रूप से प्रभावित हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

**6 C**

**व्याख्या:**

- क्लाइमेट फोर्सिंग पाथवे ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन और ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को कम करने के लिये किये गए उपायों के संयोजन को संदर्भित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क (Artificial Neural Network- ANN) का उपयोग उन मॉडलों को विकसित करने के लिये किया जा सकता है जो विशिष्ट क्षेत्रों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों की भविष्यवाणी करते हैं, जैसे वर्षा प्रतिरूप में परिवर्तन या समुद्र स्तर में वृद्धि।
- वैज्ञानिकों ने 1.5 डिग्री सेल्सियस और 2 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि की सीमा तक पहुँचने हेतु समयरेखा का अनुमान लगाने के लिये कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क (Artificial Neural Network- ANN) के रूप में प्रचलित कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग किया। ANN मशीन लर्निंग का एक रूप है जो मानव मस्तिष्क की संरचना और कार्यप्रणाली से प्रेरित है। **अत: कथन 2 सही है।**

**7 B**

**व्याख्या:**

- वैश्विक विकास, जो कि वर्ष 2022 में 3.4% अनुमानित था, वर्ष 2023 में गिरकर 2.9% होने का अनुमान है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- IMF स्पष्ट रूप से वैश्विक मंदी की संभावना को खारिज़ करता है।
- वर्ष 2022 की तुलना में लगभग 84% देशों में वर्ष 2023 में कम हेडलाइन (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) मुद्रास्फीति होने की उम्मीद है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट जारी करता है।

**8 B**

**व्याख्या:**

**खाद्य और कृषि संगठन:**

- **परिचय:**
- FAO संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो भुखमरी को समाप्त करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्त्व करती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- विश्व खाद्य दिवस प्रत्येक वर्ष 16 अक्तूबर को विश्व भर में मनाया जाता है। वर्ष 1945 में FAO की स्थापना की वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह रोम (इटली) में स्थित संयुक्त राष्ट्र खाद्य सहायता संगठनों में से एक है। इसकी सिस्टर निकाय विश्व खाद्य कार्यक्रम और कृषि विकास के लिये अंतर्राष्ट्रीय कोष (IFAD) हैं।
- **प्रमुख प्रकाशन:**
- द स्टेट ऑफ वर्ल्ड फिशरीज़ एंड एक्वाकल्चर (SOFIA)
- स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स फॉरेस्ट्स (SOFO) **अत: कथन 3 सही है।**
- विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति (SOFI)
- खाद्य और कृषि राज्य (SOFA)
- द स्टेट ऑफ एग्रीकल्चर कमोडिटी मार्केट्स (SOCO)

**9 C**

**व्याख्या:**

- अनुच्छेद 22 गिरफ्तार या हिरासत (निरोध) में लिये गए व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करता है।
- निरोध दो प्रकार का होता है- दंडात्मक (परीक्षण और दोषसिद्धि के बाद दंड) और निवारक (परीक्षण और दोषसिद्धि के बिना दंड)।
- अनुच्छेद 22 का पहला भाग सामान्य कानून से संबंधित है और इसमें शामिल हैं:
    - गिरफ्तारी के आधार के बारे में सूचित करने का अधिकार।
    - एक कानूनी व्यवसायी से परामर्श करने और बचाव करने का अधिकार।
    - यात्रा के समय को छोड़कर 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश होने का अधिकार।
    - 24 घंटे के बाद रिहा होने का अधिकार जब तक कि मजिस्ट्रेट आगे की हिरासत के लिये अधिकृत नहीं करता।
- अनुच्छेद 22 का दूसरा भाग निवारक निरोध कानून से संबंधित है। इस अनुच्छेद के तहत सुरक्षा नागरिकों के साथ-साथ गैर-नागरिक दोनों के लिये उपलब्ध है और इसमें निम्नलिखित शामिल हैं। **अत: विकल्प C सही है।**

किसी व्यक्ति की नज़रबंदी तीन महीने से अधिक नहीं हो सकती जब तक कि एक सलाहकार बोर्ड विस्तारित नज़रबंदी हेतु पर्याप्त कारण प्रस्तुत नहीं करता है।

- नज़रबंदी के आधारों के बारे में नज़रबंद व्यक्ति को सूचित किया जाना चाहिये।
- बंदी को निरोध आदेश के विरुद्ध अभ्यावेदन करने का अवसर दिया जाना चाहिये।

**10 B**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 के अनुसार, एक वर्ष के केंद्रीय बजट को वार्षिक वित्तीय विवरण कहा जाता है।
- वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग का बजट प्रभाग बजट तैयार करने के लिये उत्तरदायी नोडल निकाय है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह बजट केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा की स्वीकृति के माध्यम से प्रबंधित किया जाता है और इसीलिये इस विधेयक को पारित होने के लिये लोकसभा में बहुमत का समर्थन होना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**

**11 C**

**व्याख्या:**

- हाइड्रोपोनिक सिस्टम शहरी खेती में उपयोग की जाने वाली एक प्रकार की तकनीक है जो पौधों को मृदा के बिना उगाने में सहायता करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पौधों को पोषक तत्त्वों से भरपूर जल के घोल में उगाया जाता है, जो विकास हेतु सभी आवश्यक पोषक तत्त्व प्रदान करता है।

नोट :

- न्यूट्रिएंट फिल्म टेक्निक (Nutrient Film Technique- NFT) एक प्रकार की हाइड्रोपोनिक प्रणाली है जिसमें पोषक तत्त्वों से भरपूर जल की एक पतली फिल्म लगातार पौधों की जड़ों के संपर्क में होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- NFT एक सरल और कुशल प्रणाली है जो छोटे, तेज़ी से बढ़ने वाले पौधों जैसे- लेट्यूस, हर्ब्स और माइक्रोग्रीन्स हेतु उपयुक्त है।

12 D

**व्याख्या:**

- भारत में निजता का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक संवैधानिक अधिकार है, जिसमें स्पष्ट है कि "विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अलावा किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जाएगा।" **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अनुच्छेद 21 का जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संरक्षण का अधिकार पूर्ण (Absolute) नहीं है और यह राज्य द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के अधीन हो सकता है। निजता का अधिकार भी पूर्ण अधिकार नहीं है। यह आमतौर पर विधि के तहत संरक्षित है, लेकिन यह उचित प्रतिबंधों के अधीन हो सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

13 D

**व्याख्या:**

**केंद्रीय बजट 2023-24:**

- केंद्रीय बजट 2023-24 का मुख्य विषय समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करना है जो विशेष रूप से सबका साथ, सबका विकास की अवधारणा को प्रोत्साहित करता है, जिसमें शामिल हैं:
- किसान, महिला, युवा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (Other Backward Classes- OBC), दिव्यांगजन (PwD) और आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (Economically Weaker Sections- EWS)।
- वंचितों को समग्र प्राथमिकता (वंचितों को वरीयता)।
- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र (Northeast Region- NER) के केंद्रशासित प्रदेशों पर भी निरंतर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- यह बजट 2019 में पहली बार अनावरण की गई द्वि-आयामी विकास रणनीति की तर्ज पर है:
- निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देकर रोज़गार सृजित करना और विकास को आगे बढ़ाना।
- 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन'; पूंजीगत परिव्यय (Capex) बढ़ाना और विनिवेश के माध्यम से अधिक राजस्व जुटाना। **अतः कथन 1 सही है।**
- **बजट की मुख्य उपलब्धियाँ:**
- नई आयकर व्यवस्था में बदलाव (छूट की सीमा में और टैक्स स्लैब में)।
- पूंजी निवेश परिव्यय में 33% की वृद्धि का प्रस्ताव किया गया है, इसे बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए (पिछले एक दशक में सबसे अधिक वृद्धि) किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**
- सीमा शुल्क में परिवर्तन; मोबाइल फोन निर्माण, झींगा हेतु खाद्य आदि के लिये कुछ निविष्टियों के आयात में कमी और सिगरेट, सोने की वस्तुओं, यौगिक रबड़ आदि के आयात में वृद्धि की गई है।
- रेलवे के लिये पूंजी परिव्यय को बढ़ाकर अब तक का सर्वाधिक 2.40 लाख करोड़ रुपए किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

14 C

**व्याख्या:**

- यह एक जानलेवा संक्रामक रोग तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिये खतरा है।
- हैज़ा एक तीव्र, अतिसार की बीमारी है जो विब्रियो कोलेरी जीवाणु से आँत के संक्रमण के कारण होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संक्रमण अक्सर हल्का या लक्षणों के बिना होता है, हालाँकि कभी-कभी गंभीर हो सकता है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने चेतावनी दी है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से दुनिया भर में हैज़ा महामारी का प्रकोप बढ़ सकता है, क्योंकि बीमारी का कारण बनने वाले बैक्टीरिया गर्म जल में अधिक तेज़ी से प्रजनन कर सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

15 C

**व्याख्या:**

फारस की खाड़ी के साथ सीमा साझा करने वाले देश हैं: इराक, कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान (मुसंदम एक्सक्लेव) और ईरान।




16 C

**व्याख्या:**

- सिकल सेल रोग में सिकल सेल के आकार की लाल रक्त कोशिकाएँ सामान्य लाल रक्त कोशिकाओं की तुलना में अधिक संवेदनशील होती हैं और समय से पहले ही विभाजित और मर जाती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें हीमोग्लोबिन के अणु असामान्य होते हैं जिसके कारण लाल रक्त कोशिकाएँ सिकल सेल का आकार धारण करती हैं। यह कम ऑक्सीजन प्रवाह और दर्द सहित कई जटिलताओं को जन्म दे सकता है।
- लाल रक्त कोशिकाएँ जो कठोर और सिकल सेल के आकार की होती हैं, वे छोटी रक्त वाहिकाओं में फँस सकती हैं, रक्त के प्रवाह को बाधित कर सकती हैं एवं शरीर के ऊतकों तक ऑक्सीजन के प्रवाह को सीमित कर सकती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

17 D

**व्याख्या:**

- **जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950:**
  - यह निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिये प्रक्रियाओं को निर्धारित करता है। **अतः विकल्प 1 सही नहीं है।**
  - यह लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं तथा विधानपरिषदों में सीटों के आवंटन का प्रावधान करता है।
  - मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया और सीटों के भरे जाने के तरीके को निर्धारित करता है।
  - मतदाताओं की योग्यता निर्धारित करता है।
- **जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951:**
  - यह चुनाव और उपचुनाव के वास्तविक संचालन को नियंत्रित करता है।

- यह चुनाव कराने के लिये प्रशासनिक तंत्र प्रदान करता है।
- यह राजनीतिक दलों के पंजीकरण संबंधी कार्यों की निगरानी करता है। **अतः विकल्प 2 सही नहीं है।**
- यह सदनों की सदस्यता के लिये योग्यताओं और अयोग्यताओं को निर्दिष्ट करता है।
- यह अनाचारी प्रथाओं और अन्य अपराधों को रोकने का प्रावधान करता है।
- यह चुनावों से उत्पन्न होने वाले संदेहों और विवादों को निपटाने की प्रक्रिया निर्धारित करता है।

18 C

**व्याख्या:**

**क्षेत्रीय भाषा से संबंधित संवैधानिक प्रावधान:**

- **अनुच्छेद 345:** किसी राज्य का विधानमंडल विधि द्वारा राज्य में प्रयुक्त किसी एक या अधिक भाषाओं या हिंदी को उस राज्य के सभी या किन्हीं शासकीय प्रयोजनों के लिये प्रयोग की जाने वाली भाषा के रूप में अपना सकेगा।
- **अनुच्छेद 346:** संघ में शासकीय प्रयोजनों के लिये प्रयोग हेतु अधिकृत भाषा एक राज्य और दूसरे राज्य तथा राज्य एवं संघ के बीच संचार के लिये राजभाषा होगी।
- **अनुच्छेद 347:** यह राष्ट्रपति को राज्य की आधिकारिक भाषा के रूप में किसी भाषा को मान्यता देने की शक्ति देता है, बशर्ते कि राष्ट्रपति संतुष्ट हो कि उस राज्य का एक बड़ा हिस्सा चाहता है कि भाषा को मान्यता दी जाए। ऐसी मान्यता राज्य के एक हिस्से या पूरे राज्य के लिये हो सकती है।
- **अनुच्छेद 350A:** प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधा।
- **अनुच्छेद 350B:** यह भाषायी अल्पसंख्यकों हेतु एक विशेष अधिकारी की स्थापना का प्रावधान करता है।
- **अनुच्छेद 351:** यह केंद्र सरकार को हिंदी भाषा के विकास के लिये एक निर्देश जारी करने की शक्ति देता है। **अतः विकल्प C सही है।**

19 A

**व्याख्या:**

- लामू द्वीप समूह पूर्वी अफ्रीका में केन्या के तट पर हिंद महासागर में स्थित है। **अतः विकल्प (A) सही है।**

20 A

**व्याख्या:**

- **परिचय:**
  - पीएम-कुसुम योजना को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में ऑफ-ग्रिड सौर पंपों की स्थापना और ग्रिड से जुड़े क्षेत्रों में ग्रिड पर निर्भरता कम करने के लिये वर्ष 2019 में लॉन्च किया गया था।
  - PM-KUSUM योजना नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) द्वारा शुरू की गई थी। अतः कथन 2 सही नहीं है।
- **घटक:**
  - भूमि पर स्थापित 10,000 मेगावाट के विकेंद्रीकृत ग्रिडों को नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों से जोड़ना।
  - 20 लाख सौर ऊर्जा चालित कृषि पंपों की स्थापना।
  - ग्रिड से जुड़े 15 लाख सौर ऊर्जा चालित कृषि पंपों का सौरीकरण (Solarisation)।
- **उद्देश्य:**
  - इसका उद्देश्य किसानों को उनकी शुष्क भूमि पर सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता स्थापित करने और इसे ग्रिड को बेचने में सक्षम बनाना है। अतः कथन 1 सही है।
  - यह ग्रिड को अधिशेष सौर ऊर्जा बेचने की अनुमति देकर किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद करता है।

नोट :

21 C

**व्याख्या:**

- चुंबकीय कण पक्षियों के चुंबकीय नेविगेशन सिस्टम को बाधित कर उनके प्रवासी प्रतिरूप में हस्तक्षेप कर सकते हैं। पक्षियों में पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र को महसूस करने की क्षमता होती है और वे इसे अपने प्रवास के दौरान नेविगेट करने हेतु दिशानिर्देश के रूप में उपयोग करते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- यूनाइटेड किंगडम में लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी के शोधकर्त्ताओं ने मानव मस्तिष्क के ऊतकों में प्रचुर मात्रा में मैग्नेटाइट नैनोपार्टिकल्स पाए हैं।
- इस जहरीले खनिज को मानव मस्तिष्क में प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन प्रजातियों (फ्री रेडिकल्स) से संबंधित है, जो अल्ज़ाइमर जैसे न्यूरोडीजेनेरेटिव रोगों से जुड़ा हुआ है। **अत: कथन 2 सही है।**

22 C

**व्याख्या:**

- सीड फंड एक निवेश फंड है जो स्टार्टअप्स को आमतौर पर सीड कैपिटल के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सीड कैपिटल किसी स्टार्टअप में निवेश का शुरुआती चरण है, जिसका इस्तेमाल आमतौर पर कंपनी के शुरुआती समय में संचालन, उत्पाद विकास और बाज़ार अनुसंधान के वित्तपोषण के लिये किया जाता है।
- उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) ने स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना के कार्यान्वयन की देखरेख और निगरानी के लिये विशेषज्ञ सलाहकार समिति (EAC) की स्थापना की है। **अत: कथन 2 सही है।**

23 D

**व्याख्या:**

**विश्व आर्द्रभूमि दिवस:**

- पूरे भारत में राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासनों ने 02 फरवरी, 2023 को सभी 75 रामसर स्थलों पर विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाया। **अत: कथन 1 सही है।**
- विश्व वेटलैंड्स दिवस के लिये 2023 की थीम 'वेटलैंड रिस्टोरेशन' है, जो वेटलैंड बहाली को प्राथमिकता देने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री ने आर्द्रभूमि संरक्षण के लिये "संपूर्ण समाज" दृष्टिकोण पर संरचित आर्द्रभूमि बचाओ अभियान' शुरू किया।
- अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमि (1971) पर रामसर कन्वेंशन में हस्ताक्षर करने के उपलक्ष्य में विश्व आर्द्रभूमि दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है।
- भारत वर्ष 1982 से कन्वेंशन का एक सदस्य है और अब तक 23 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 75 आर्द्रभूमियों को रामसर साइट घोषित कर चुका है। भारत के पास एशिया में रामसर साइट्स का सबसे बड़ा नेटवर्क है। **अत: कथन 3 सही है।**

24 C

**व्याख्या:**

- **परिचय:**
  - पेरिस क्लब ज़्यादातर पश्चिमी कर्जदाता देशों का एक समूह है, जिसकी उत्पत्ति वर्ष 1956 में आयोजित बैठक से हुई है जिसमें अर्जेंटीना पेरिस में अपने सार्वजनिक कर्जदाताओं से मिलने हेतु सहमत हुआ था।
  - यह खुद को एक मंच के रूप में वर्णित करता है जहाँ लेनदार देशों द्वारा सामना की जाने वाली भुगतान कठिनाइयों को हल करने हेतु आधिकारिक कर्जदाता बैठक करते हैं।
  - इसका उद्देश्य उन देशों हेतु स्थायी ऋण-राहत समाधान खोजना है जो देश अपने द्विपक्षीय ऋण चुकाने में असमर्थ हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- **सदस्य:**
  - सदस्यों में शामिल हैं: ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, कनाडा, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्राँस, जर्मनी, आयरलैंड, इज़रायल, जापान, नीदरलैंड, नॉर्वे, रूस, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्वीडन, स्विट्ज़रलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य।
  - ये सभी 22 सदस्यीय आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD) नामक समूह के सदस्य हैं।
  - **हालिया गतिविधि:**
  - पिछली सदी में पेरिस समूह के देशों का द्विपक्षीय ऋण पर प्रभुत्त्व था, लेकिन पिछले दो दशकों में चीन के दुनिया के सबसे बड़े द्विपक्षीय ऋणदाता के रूप में उभरने के साथ उनका महत्त्व कम हो गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - उदाहरण के लिये श्रीलंका के मामले में भारत, चीन और जापान सबसे बड़े द्विपक्षीय लेनदार हैं।
    - श्रीलंका के द्विपक्षीय ऋणों में चीन का 52%, जापान का 19.5% तथा भारत का 12% हिस्सा है।

**25 B**

**व्याख्या:**

- वरुण अभ्यास भारत और फ्राँस के बीच एक द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच अंतर-क्षमता में सुधार करना और रक्षा सहयोग को बढ़ाना है। **अतः विकल्प B सही है।**
- इसमें आमतौर पर नौसैनिक गतिविधियों की एक शृंखला शामिल होती है, जिसमें पनडुब्बी रोधी युद्ध, खोज और बचाव अभियान एवं सतही युद्ध रणनीति में प्रशिक्षण शामिल है।
- यह अभ्यास सालाना होता है और भारतीय और फ्राँसीसी नौसैनिक अड्डों में बारी-बारी से आयोजित होता है।

**26 D**

**व्याख्या:**

- भूकंप का हाइपोसेंटर पृथ्वी की सतह के नीचे का बिंदु होता है जहाँ से भूकंपीय ऊर्जा निकलती है। भूकंप का अधिकेंद्र पृथ्वी की सतह पर हाइपोसेंटर के ठीक ऊपर स्थित बिंदु होता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह स्थानीय पर्यावरण और मानव निर्मित संरचनाओं पर भूकंप के प्रभावों को ध्यान में रखते हुए मर्केली स्केल, एक विशिष्ट स्थान पर भूकंप की तीव्रता को मापता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- रिक्टर स्केल भूकंप की भयावहता को मापता है, जो भूकंपीय घटना द्वारा जारी ऊर्जा की मात्रा का माप है।

**27 B**

**व्याख्या:**

- विश्व-भारती विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 1921 में रबींद्रनाथ टैगोर द्वारा की गई थी, जिसका उद्देश्य शिक्षा का एक केंद्र बनाना था जो पूर्वी और पश्चिमी संस्कृतियों की उत्कृष्टता को एक साथ लाएगा एवं सार्वभौमिकता की भावना को बढ़ावा देगा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- टैगोर ने इस विश्वविद्यालय को भारतीय संस्कृति और मूल्यों को बढ़ावा देने एवं युवाओं को उनके नए विचारों तथा दृष्टिकोणों को नया आयाम देने हेतु एक मंच के रूप में स्थापित किया था।
- विश्वभारती विश्वविद्यालय को यूनेस्को से "विरासत" टैग प्राप्त होने वाला है, जो इसे एक "लिविंग हेरिटेज विश्वविद्यालय" होने का गौरव प्राप्त करने वाला विश्व का पहला विश्वविद्यालय बना देगा। **अतः कथन 2 सही है।**

**28 D**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (NCST):**

- स्थापना: राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (NCST) की स्थापना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 338 में संशोधन करके और संविधान (89वाँ संशोधन) अधिनियम, 2003 द्वारा संविधान में एक नया अनुच्छेद 338A सम्मिलित कर की गई थी, अत: यह एक संवैधानिक निकाय है। **अतः कथन 1 और 2 सही हैं।**

नोट :

- इस संशोधन द्वारा पूर्ववर्ती राष्ट्रीय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग को दो अलग-अलग आयोगों द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था:
  - राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC) और NCST
- **उद्देश्य:** अनुच्छेद 338A अन्य बातों के साथ-साथ NCST को संविधान के तहत या किसी अन्य कानून के तहत या सरकार को किसी अन्य आदेश के तहत STs को प्रदान किये गए विभिन्न सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन की निगरानी करने और ऐसे सुरक्षा उपायों के कामकाज का मूल्यांकन करने की शक्ति प्रदान करता है।
- **संरचना:** इस आयोग में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और तीन पूर्णकालिक सदस्य (एक महिला सदस्य सहित) शामिल हैं।
  - सदस्यों में कम-से-कम एक महिला सदस्य होना अनिवार्य है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और NCST के सदस्यों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से लेकर तीन वर्ष तक का होता है।
  - सदस्य दो से अधिक कार्यकाल के लिये नियुक्ति के पात्र नहीं होते हैं।
  - इस आयोग के अध्यक्ष को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री तथा उपाध्यक्ष को राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है, जबकि अन्य सदस्यों को भारत सरकार के सचिव पद का दर्जा दिया गया है।

**29 D**

**व्याख्या:**

- **राजकोषीय घाटा:**
  - राजकोषीय घाटा सरकार के कुल व्यय और उसके कुल राजस्व (उधार को छोड़कर) के बीच का अंतर है।
  - यह एक संकेतक है जो दर्शाता है कि सरकार को अपने कार्यों को वित्तपोषित करने के लिये किस सीमा तक उधार लेना चाहिये और इसे देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाता है।
  - ऋण स्तर में वृद्धि, मुद्रा का मूल्यह्रास और मुद्रास्फीति कर्ज़ के बोझ में वृद्धि का कारण बन सकते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - जबकि कम राजकोषीय घाटा राजकोषीय प्रबंधन और सुचारू अर्थव्यवस्था के सकारात्मक संकेत हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**30 A**

**व्याख्या:**

- म्यूऑन्स अंतरिक्ष से बरसने वाले उप-परमाणु (Subatomic) कण हैं। इनका निर्माण तब होता है जब पृथ्वी के वायुमंडल में ये कण कॉस्मिक किरणों से टकराते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- कॉस्मिक किरणें उच्च-ऊर्जा कणों के समूह हैं जो लगभग प्रकाश की गति से अंतरिक्ष में घूमते हैं।
- ये कण इलेक्ट्रॉन के समान हैं लेकिन 207 गुना अधिक भारी हैं। नतीजतन उन्हें कई बार "फैट इलेक्ट्रॉन" के रूप में भी जाना जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- म्यूऑन्स इतने भारी होते हैं कि अवशोषित या क्षय होने से पहले वे चट्टान या अन्य पदार्थ के माध्यम से सैकड़ों मीटर की यात्रा कर सकते हैं।
  - इसकी तुलना में इलेक्ट्रॉन केवल कुछ सेंटीमीटर तक ही प्रवेश कर सकते हैं।
- इसके अलावा म्यूऑन्स अत्यधिक अस्थिर होते हैं और केवल 2.2 माइक्रोसेकंड तक मौजूद होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**31 C**

**व्याख्या:**

- हीरा एक क्रिस्टल जालीनुमा संरचना में व्यवस्थित एकल तत्त्व कार्बन परमाणुओं से बना होता है। जो हीरे को अद्भुत गुण प्रदान करती है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- रासायनिक वाष्प जमाव (Chemical Vapor Deposition- CVD) विधि में कार्बन युक्त गैस से भरे सीलबंद कक्ष के अंदर सीड को लगभग 800 डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया जाता है। गैस सीड से चिपक जाती है और धीरे-धीरे हीरे का निर्माण करती है।
- रासायनिक वाष्प जमाव (Chemical Vapor Deposition- CVD) एक प्रक्रिया है जिसका उपयोग हीरे सहित विभिन्न सामग्रियों की पतली फिल्मों के निर्माण हेतु किया जाता है, जिसे प्रयोगशाला में विकसित हीरे के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**32 B**

**व्याख्या:**

- फुमदी लोकटक राष्ट्रीय उद्यान में पाई जाती है न कि केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- फुमदी वनस्पति, मिट्टी और कार्बनिक पदार्थों से बना एक अनोखा तैरता हुआ द्वीप है।
- केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, राजस्थान राज्य में स्थित है, यह पैलेआर्कटिक प्रवासी जलपक्षी का एक महत्त्वपूर्ण शीतकालीन मैदान है। **अतः कथन 2 सही है।**

**33 C**

**व्याख्या:**

- बार्ड भाषा मॉडल फॉर डायलॉग एप्लीकेशन (LaMDA) पर आधारित है, जो गूगल का अपना संवादात्मक AI चैटबॉट है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह अत्यंत सटीकता के साथ संवादात्मक और निबंध-शैली में उत्तर देगा जैसे ChatGPT अभी करता है।
- यह ट्रांसफॉर्मर तकनीक पर बनाया गया है, जो ChatGPT और अन्य AI बॉट्स की रीढ़ है। **अतः कथन 2 सही है।**

**34 A**

**व्याख्या:**

- परिसीमन से तात्पर्य किसी देश में आबादी का प्रतिनिधित्व करने हेतु किसी राज्य में विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिये निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं का निर्धारण करना है।
- परिसीमन आयोग अधिनियम, 1952 में अधिनियमित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
    - केंद्र सरकार अधिनियम लागू होने के बाद परिसीमन आयोग का गठन करती है।
- 1952, 1962, 1972 और 2002 के अधिनियमों के तहत चार बार वर्ष 1952, 1963, 1973 एवं 2002 में परिसीमन आयोगों का गठन किया गया है।
- पहला परिसीमन वर्ष 1950-51 में राष्ट्रपति द्वारा (चुनाव आयोग की मदद से) किया गया था।

- **इतिहास:**
    - लोकसभा की राज्यवार संरचना को बदलने वाला अंतिम परिसीमन अभ्यास वर्ष 1971 की जनगणना के आधार वर्ष 1976 में पूरा हुआ।
        - भारतीय संविधान के अनुसार, यह अनिवार्य है कि लोकसभा में सीटों का आवंटन प्रत्येक राज्य की जनसंख्या के आधार पर होना चाहिये ताकि सीटों और जनसंख्या से अनुपात सभी राज्यों में लगभग समान हो। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक व्यक्ति के वोट का महत्त्व लगभग समान हो, भले ही वे किसी भी राज्य में रहते हों।
        - हालाँकि इस प्रावधान का मतलब था कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण पर कम ध्यान दिया, अंततः वे संसद में अधिक सीटों का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।
    - इन परिणामों से बचने के लिये वर्ष 1976 में इंदिरा गांधी के आपातकालीन शासन के दौरान वर्ष 2001 तक परिसीमन को निलंबित करने के लिये संविधान में संशोधन किया गया था। एक अन्य संशोधन ने इसे वर्ष 2026 तक स्थगित कर दिया और यह आशा की गई थी कि देश उस समय तक एक समान जनसंख्या वृद्धि दर हासिल कर लेगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

**35 B**

**व्याख्या:**

- **बाल विवाह निषेध अधिनियम (PCMA), 2006:**
  - कानून के अनुसार, बाल विवाह अवैध है लेकिन शून्य नहीं है। बाल विवाह नाबालिग के विवेक पर शून्य हो सकते हैं यदि वह विवाह को अमान्य घोषित करने के लिये न्यायालय में याचिका दायर करता/करती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - अधिनियम लड़कियों के लिये न्यूनतम विवाह योग्य आयु 18 वर्ष, जबकि पुरुषों के लिये 21 वर्ष निर्धारित करता है।
  - अधिनियम में बाल विवाह के लिये कठोर कारावास की सज़ा है जिसकी अवधि दो साल या एक लाख रुपए तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
    - यह सज़ा ऐसे सभी व्यक्तियों के लिये है जो बाल विवाह को करता है, संचालित करता है, निर्देशित करता है या उकसाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**36 A**

**व्याख्या:**

- T-कोशिकाएँ, जिन्हें T-सेल लिम्फोसाइट्स के रूप में भी जाना जाता है, ये एक प्रकार की श्वेत रक्त कोशिकाएँ हैं जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया में केंद्रीय भूमिका निभाती हैं।
- T-कोशिकाएँ कोशिका-मध्यस्थ प्रतिरक्षा में शामिल होती हैं, जिसका अर्थ है कि वे शरीर को विदेशी तत्त्वों, जैसे- वायरस, बैक्टीरिया और कैंसर कोशिकाओं जैसे असामान्य कोशिकाओं को पहचानने तथा प्रतिक्रिया प्रदान करने में मदद करती हैं।
- T-कोशिकाएँ प्रमुखतः दो प्रकार की होती हैं: हेल्पर T-सेल और साइटोटॉक्सिक T-सेल।
- जैसा कि नाम से स्पष्ट है, सहायक T-कोशिकाएँ प्रतिरक्षा प्रणाली की अन्य कोशिकाओं की 'मदद' करती हैं, जबकि साइटोटोक्सिक T-कोशिकाएँ विषाणु से संक्रमित कोशिकाओं और ट्यूमर को नष्ट करती हैं।
  - हाइपोथैलेमस ग्रंथि मस्तिष्क के आधार पर स्थित है और जल के संतुलन, नींद, तापमान, भूख एवं रक्तचाप को नियंत्रित करने के अलावा पिट्यूटरी ग्रंथि में हार्मोन के स्राव को उत्तेजित या कम करती है। **अतः विकल्प A सही है।**

**37 C**

**व्याख्या:**

- भारत ने 'ऑपरेशन दोस्त' के तहत भूकंप प्रभावित तुर्किये के लिये अपना छठा विमान राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) के कर्मियों, आवश्यक वस्तुओं और चिकित्सा उपकरणों को लेकर रवाना किया है।
- ऑपरेशन दोस्त के तहत भारतीय सेना द्वारा तुर्किये के हाटे प्रांत में एक फील्ड अस्पताल स्थापित किया गया है। भारत ने सीरिया में चिकित्सा आपूर्ति के साथ एक परिवहन विमान भी भेजा है।
- 6 फरवरी 2023 को रिक्टर पैमाने पर 7.7 की तीव्रता के भूकंप ने तुर्की और सीरिया को प्रभावित किया, इसके बाद कई आफ्टरशॉक्स आए, जिससे दोनों देशों में भारी तबाही, जानमाल का बड़ा नुकसान और बुनियादी ढाँचे को नुकसान पहुँचा।
- ऑपरेशन दोस्त इस बात का प्रतीक है कि भारत तुर्किये का मित्र है और दोनों को अपने संबंधों को मज़बूत करना चाहिये।
- इससे पहले NDRF को इसी तरह के दो अंतर्राष्ट्रीय अभियानों- वर्ष 2011 का जापान ट्रिपल डिज़ास्टर (भूकंप, सुनामी और परमाणु संकट) और वर्ष 2015 के नेपाल भूकंप के लिये भेजा गया था। **अतः विकल्प C सही है।**

**38 B**

**व्याख्या:**

- अफगानिस्तान की सीमाएँ चीन, ईरान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज़्बेकिस्तान से लगती हैं। **अतः विकल्प B सही है।**




39 B

**व्याख्या:**

- भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (RBI अधिनियम, 1934) (2016 में संशोधित) के तहत RBI को विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ भारत में मौद्रिक नीति के संचालन की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है।
- कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष उपकरण हैं जिनका उपयोग मौद्रिक नीति को लागू करने के लिये किया जाता है।
    - **रेपो दर:** वह ब्याज दर जिस पर रिज़र्व बैंक चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) के तहत सरकार और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों के संपार्श्विक पर बैंकों को रातों-रात चलनिधि प्रदान करता है।
- रेपो दर सीधे विक्रेताओं द्वारा दी जाने वाली ऋण दरों से जुड़ी हुई है, रेपो में वृद्धि से उधार लेने की लागत में वृद्धि होगी।
    - मौद्रिक नीति समिति रेपो दर तय करती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- मौद्रिक नीति समिति (Monetary Policy Committee- MPC) ने चालू वित्त वर्ष (2022-23) में अपनी सबसे हालिया बैठक में 6.4% वास्तविक GDP वृद्धि (वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये) का अनुमान लगाया है।
- रेपो रेट वह दर है जिस पर RBI वाणिज्यिक बैंकों को पैसा उधार देता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) अधिनियम, 1934 की धारा 42(2) के तहत सांविधिक रिटर्न फॉर्म A रिटर्न (CRR के लिये) और बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 24 के तहत फॉर्म VIII रिटर्न (SLR के लिये) निर्धारित किया है। SLR और CRR दोनों संसद और RBI द्वारा तय किये जाते हैं, न कि MPC द्वारा।

नोट :




40 C


**व्याख्या:**

**NISAR (नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार):**

- NISAR को वर्ष 2014 में हस्ताक्षरित एक साझेदारी समझौते के तहत अमेरिका और भारत की अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा तैयार किया गया है।
- उम्मीद है कि इसे जनवरी 2024 में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से निकट-ध्रुवीय कक्षा में लॉन्च किया जाएगा।
- यह उपग्रह कम-से-कम तीन वर्ष तक काम करेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह एक निम्न पृथ्वी कक्षा (Low Earth Orbit -LEO) वेधशाला है।

नोट :

- यह 12 दिन में पूरे विश्व का मानचित्रण कर लेगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **विशेषता:**
- यह 2,800 किलोग्राम का उपग्रह है जिसमें L-बैंड और S-बैंड सिंथेटिक एपर्चर रडार (SAR) उपकरण शामिल हैं, जिस कारण इसे दोहरी आवृत्ति इमेजिंग रडार उपग्रह कहा जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**
    - नासा द्वारा डेटा स्टोर करने के लिये L-बैंड रडार, GPS, एक उच्च क्षमता वाला सॉलिड-स्टेट रिकॉर्डर और एक पेलोड डेटा सब-सिस्टम प्रदान किया गया है, जबकि ISRO ने S-बैंड रडार, जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (GSLV) प्रक्षेपण प्रणाली तथा अंतरिक्ष यान प्रदान किया है।
    - S-बैंड रडार 8-15 सेंटीमीटर की तरंगदैर्ध्य (Wavelength) और 2-4 गीगाहर्ट्ज़ की आवृत्ति (Frequency) पर काम करते हैं। इस तरंगदैर्ध्य और आवृत्ति के कारण वे आसानी से क्षीण नहीं होते हैं। यह उन्हें निकट एवं दूर के मौसम अवलोकन के लिये उपयोगी बनाता है।
    - इसमें 39 फुट का स्थिर एंटीना रिफ्लेक्टर लगा हुआ है, जो सोने की परत वाले तार की जाली से बना है; रिफ्लेक्टर का उपयोग "उपकरण संरचना पर ऊपर की ओर फीड द्वारा उत्सर्जित और प्राप्त रडार सिग्नल" पर केंद्रित करने के लिये किया जाएगा।
- SAR का उपयोग करके NISAR उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली छवियाँ प्रस्तुत करेगा। बादलों का SAR पर कुछ विशेष प्रभाव नहीं पड़ता, ये मौसम की स्थिति की परवाह किये बिना दिन और रात डेटा एकत्र कर सकते हैं।
    - नासा को अपने विज्ञान संबंधी वैश्विक संचालन के लिये कम-से-कम तीन वर्षों के लिये L-बैंड रडार की आवश्यकता है। इस बीच इसरो कम-से-कम पाँच वर्षों के लिये S-बैंड रडार का उपयोग करेगा।




**41 B**

**व्याख्या:**

- प्राथमिक कृषि ऋण समितियाँ (Primary Agricultural Credit Societies- PACS) बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के दायरे से बाहर हैं और ये भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित नहीं हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- PACS उनके सदस्यों के स्वामित्त्व वाली सहकारी समितियाँ हैं, जिनके पास पारंपरिक शेयर नहीं हैं।
- प्राथमिक कृषि ऋण समितियाँ (PACS) शेयर जारी करने हेतु अधिकृत नहीं हैं, न ही उन्हें शेयरों में निवेश करने की अनुमति है। **अतः कथन 2 सही है।**

42 C

**व्याख्या:**

- इनिशियल पब्लिक ऑफर (IPO) एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक निजी स्वामित्त्व की कंपनी स्टॉक एक्सचेंज में सार्वजनिक रूप से कारोबार करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- IPO को आमतौर पर एक या एक से अधिक निवेश बैंकों द्वारा अंडरराइट (बीमा पॉलिसी के माध्यम से क्षति अथवा हानि की पूर्ति का आर्थिक दायित्त्व लेना) किया जाता है, जो शेयरों की बिक्री को सुविधाजनक बनाने और IPO की सफलता सुनिश्चित करने के लिये ज़िम्मेदार होते हैं।
- IPO में शेयरों की कीमत आपूर्ति और मांग द्वारा निर्धारित होती है। कंपनी और उसके अंडरराइटर शेयरों के लिये एक प्रारंभिक मूल्य निर्धारित करते हैं, लेकिन बाज़ार की स्थितियों तथा कंपनी के प्रदर्शन के आधार पर IPO के बाद भी कीमत में उतार-चढ़ाव हो सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- IPO में निवेश करना एक उच्च ज़ोखिम वाला निवेश माना जाता है, क्योंकि कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन और शेयर की कीमत अल्पावधि में अस्थिर हो सकती है।

43 D

**व्याख्या:**

**भारत में इस्पात उत्पादन की स्थिति:**

- उत्पादन: भारत वर्तमान में कच्चे इस्पात का विश्व में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है जहाँ 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान 120 मिलियन टन (MT) कच्चे इस्पात का उत्पादन हुआ था। **अतः कथन 1 सही है।**
- भंडार: देश में इसका 80 प्रतिशत से अधिक भंडार ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के उत्तरी क्षेत्रों में है।
  - महत्त्वपूर्ण इस्पात उत्पादक केंद्र हैं: भिलाई (छत्तीसगढ़), दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल), बर्नपुर (पश्चिम बंगाल), जमशेदपुर (झारखंड), राउरकेला (ओडिशा), बोकारो (झारखंड)। **अतः कथन 3 सही है।**
- खपत: भारत वर्ष 2021 (106.23 MT) में तैयार स्टील का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता रहा, विश्व स्टील एसोसिएशन के अनुसार, चीन सबसे बड़ा स्टील उपभोक्ता है। **अतः कथन 2 सही है।**

44 C

**व्याख्या:**

- भाषण का कौन सा हिस्सा हटाया जाना है इस पर निर्णय लेने का अधिकार सदन के पीठासीन अधिकारी के पास होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 105 (2) के तहत संसद सदस्यों को संसद में उनके बयान के लिये न्यायालयी कार्यवाही से सुरक्षा प्राप्त है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - हालाँकि उनके भाषण संसद के नियमों के अनुशासन, सदस्यों की अच्छी समझ और अध्यक्ष द्वारा कार्यवाही के नियंत्रण के अधीन हैं।
- लोकसभा की प्रक्रिया और कार्य-संचालन नियमों के नियम संख्या 380 के तहत अध्यक्ष को वाद-विवाद में प्रयुक्त मानहानिकारक, अशोभनीय अथवा असंसदीय शब्द या अभिव्यक्ति को हटाने का अधिकार प्राप्त है।

45 C

**व्याख्या:**

- केंद्रीय बजट 2023-2024 में यंत्रीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र हेतु राष्ट्रीय कार्ययोजना (National Action for Mechanized Sanitation Ecosystem- NAMASTE) के लिये लगभग 100 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं, साथ ही सरकार सभी शहरों एवं कस्बों में सेप्टिक टैंक तथा सीवर की 100% यांत्रिक सफाई सुनिश्चित करने पर विचार कर रही है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- इसे वर्ष 2022 में केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह योजना आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (Ministry of Housing and Urban Affairs and the Ministry of Social Justice & Empowerment- MoSJE) द्वारा संयुक्त रूप से शुरू की जा रही है, इसका उद्देश्य असुरक्षित सीवर तथा सेप्टिक टैंक सफाई प्रथाओं को खत्म करना है।
- आजीविका सहायता: कार्ययोजना स्वच्छता से संबंधित उपकरणों की खरीद हेतु सफाई कर्मचारियों को वित्तीय सहायता एवं सब्सिडी (पूंजी+ब्याज) प्रदान करके मशीनीकरण तथा उद्यम विकास को बढ़ावा देगी। **अतः कथन 3 सही है।**

46 D

**व्याख्या:**

- बाल्टिक सागर नौ देशों से घिरा हुआ है: डेनमार्क, जर्मनी, पोलैंड, लिथुआनिया, लातविया, एस्टोनिया, रूस, फिनलैंड और स्वीडन। **अतः विकल्प D सही है।**




47 D

**व्याख्या:**

- हिमनद झील के फटने से आने वाली बाढ़ (GLOF) विनाशकारी होती है, यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब हिमनद झील का बाँध कमज़ोर हो जाता है और जल तेज़ प्रवाह के साथ बहने लगता है।
- इस प्रकार की बाढ़ आमतौर पर ग्लेशियरों के तेज़ी से पिघलने, भारी वर्षा, झील में पानी के बढ़ने के कारण आती है।
- बाढ़ की इन घटनाओं के लिये कई कारकों को ज़िम्मेदार माना जा सकता है, जिसमें ग्लेशियर के आकार में परिवर्तन, झील के जल स्तर में परिवर्तन और भूकंप शामिल हैं। **अतः विकल्प D सही है।**

48 A

**व्याख्या:**

- **क्रोनी कैपिटलिज़्म के बारे में:**
  - क्रोनी कैपिटलिज़्म एक ऐसा शब्द है जिसका इस्तेमाल पूंजीवादी आर्थिक व्यवस्था का वर्णन करने के लिये किया जाता है जिसमें राजनेताओं और सरकारी अधिकारियों के साथ करीबी संबंध रखने वाले व्यक्ति या व्यवसाय बाज़ार में अनुचित लाभ हासिल करने के लिये अपने राजनीतिक संबंधों का उपयोग करते हैं।

नोट :

- द इकोनॉमिस्ट इंडिया द्वारा प्रकाशित क्रोनी कैपिटलिज़्म इंडेक्स 2021 में 7वें स्थान पर था, जहाँ देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में क्रोनी सेक्टर की संपत्ति 8% थी।

- **क्रोनी कैपिटलिज़्म से संबंधित मुद्दे:**
  - **मार्केटप्लेस में अनुचित लाभ:** क्रोनी कैपिटलिज़्म भ्रष्टाचार को जन्म दे सकता है क्योंकि व्यवसाय अक्सर सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देकर बाज़ार में अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिये अपने राजनीतिक संबंधों का उपयोग करते हैं।
    - यह कानून के शासन को कमज़ोर करने की साथ ही सरकारी संस्थानों में जनता के विश्वास को खत्म कर सकता है।
  - **विकृत बाज़ार प्रतिस्पर्द्धा:** जब कुछ व्यवसायों को उनके राजनीतिक संबंधों के माध्यम से अनुचित लाभ दिया जाता है, तो यह बाज़ार की प्रतिस्पर्द्धा को विकृत कर देता है और छोटे व्यवसायों एवं उद्यमियों के लिये सफलता प्राप्त करना कठिन हो जाता है।
    - इससे कुछ व्यक्तियों या निगमों के हाथों में धन और शक्ति का संकेद्रण हो सकता है।
  - **नवाचार में गिरावट:** बड़े व्यवसायों की प्रमुख स्थिति अक्सर प्रतिस्पर्द्धा को खत्म कर देती है और उन्हें अपने उत्पादों/सेवाओं को आगे बढ़ाने या सुधारने के लिये हतोत्साहित करती है।
  - यह समग्र अर्थव्यवस्था में नवाचार को खत्म सकता है और प्रतिस्पर्द्धात्मकता में गिरावट ला सकता है।
  - **सरकार और अर्थव्यवस्था के प्रति जनता में अविश्वास:** व्यापक रूप से क्रोनी कैपिटलिज़्म सरकारी संस्थानों और आर्थिक व्यवस्था में जनता के विश्वास को कम कर सकता है।
    - इससे नीति निर्माताओं के लिये सुधारों को लागू करना और व्यवसायों को प्रभावी ढंग से संचालित करना मुश्किल हो सकता है। **अतः विकल्प A सही है।**

**49 A**

**व्याख्या:**

**तरकश (TARKASH) संयुक्त अभ्यास:**

- राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) और संयुक्त राष्ट्र स्पेशल ऑपरेशंस फोर्स (SOF) द्वारा तरकश अभ्यास वर्तमान में चेन्नई में आयोजित किया जा रहा है।
- रासायनिक और जैविक युद्ध को विश्व के लिये आने वाले खतरे के रूप में पहचाने जाने के साथ, चल रहे इस भारत-अमेरिका संयुक्त अभ्यास में पहली बार एक रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और नाभिकीय (Chemical, Biological, Radiological and Nuclear -CBRN) हमलों के प्रति प्रतिक्रिया शामिल है।
- इस संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य आतंकवादियों को तेज़ी से बेअसर करना, बंधकों को सुरक्षित छुड़ाना और आतंकवादियों द्वारा ले जाए जा रहे रासायनिक हथियारों को निष्क्रिय करना था। **अतः विकल्प A सही है।**

**50 A**

**व्याख्या:**

- **लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान:**
  - लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (SSLV) एक तीन चरण का प्रक्षेपण यान है जिसे तीन ठोस प्रणोदन चरणों और एक तरल प्रणोदन-आधारित वेलोसिटी ट्रिमिंग मॉड्यूल (VTM) के साथ टर्मिनल चरण के रूप में संयोजित किया गया है। **अतः विकल्प 1 सही है।**
  - इसरो के वर्कहॉर्स PSLV के लिये 6 महीने और लगभग 600 लोगों की तुलना में रॉकेट को केवल कुछ दिनों में एक छोटी सी टीम द्वारा तैयार किया जा सकता है।
  - इसे उभरते लघु (नैनो-माइक्रो-मिनी) उपग्रह वाणिज्यिक बाज़ार को आकर्षित करने के लिये विकसित किया गया है, जिसे मांग पर लॉन्च की पेशकश की गई है।
  - यह कम लागत के साथ अंतरिक्ष में पहुँच प्रदान करता है, जो कम प्रतिवर्तन काल में कई उपग्रहों को समायोजित करने की सुविधा प्रदान करने के साथ न्यूनतम प्रक्षेपण अवसंरचना की मांग करता है।

- B PSLV का पहला प्रक्षेपण वर्ष 1994 में हुआ था और तब से यह इसरो का मुख्य रॉकेट है। हालाँकि वर्तमान PSLV वर्ष 1990 के दशक में इस्तेमाल किये जाने वाले PSLV की तुलना में काफी बेहतर और कई गुना अधिक शक्तिशाली है। यह लिक्विड स्टेज से लैस पहला भारतीय लॉन्च व्हीकल है।
- PSLV, ISRO द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला अब तक का सबसे विश्वसनीय रॉकेट है, जिसकी 54 में से 52 उड़ानें सफल रही हैं।
- इसने सफलतापूर्वक दो अंतरिक्षयान- वर्ष 2008 में चंद्रयान-1 और वर्ष 2013 में मार्स ऑर्बिटर अंतरिक्षयान को सफलतापूर्वक लॉन्च किया, जिन्होंने क्रमश: चंद्रमा और मंगल की यात्रा की। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**51 D**

**व्याख्या:**

- P- तरंगें या प्राथमिक तरंगें अनुदैर्ध्य या संपीडित तरंगें भी कहलाती हैं। यह ठोस, द्रव और गैस तीनों माध्यम से गुज़र सकती हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- P- तरंगें ठोस पदार्थों में सबसे तेज़ गति से चलती हैं। हालाँकि ये तरल और गैसीय माध्यम से भी गुज़र सकती हैं लेकिन इनकी गति धीमी हो जाती है।
- S-तरंगें या द्वितीयक तरंगें अनुप्रस्थ या विकृत तरंगें भी कहलाती हैं। S-तरंगें तरल माध्यम से नहीं गुज़र सकती हैं। यह केवल ठोस माध्यम से गुज़र सकती हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**52 B**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (PM-ABHIM) स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करने के लिये सबसे बड़ी अखिल भारतीय स्वास्थ्य योजनाओं में से एक है।
- PM-ABHIM का उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे की कमियों को दूर करना है, विशेष रूप से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण देखभाल सुविधाओं और प्राथमिक देखभाल के क्षेत्र में। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (PM-ABHIM) एक केंद्र प्रायोजित योजना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**53 C**

**व्याख्या:**

**विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999:**

- यह अधिनियम भारत में विदेशी मुद्रा लेन-देन के प्रशासन के लिये कानूनी ढाँचा प्रदान करता है।
- FEMA जो कि 1 जून, 2000 से प्रभावी हुआ, के तहत विदेशी मुद्रा से जुड़े सभी लेन-देन को पूंजी या चालू खाता लेन-देन के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **निवासी भारतीय:**
- FEMA, 1999 की धारा 2(v) में 'भारत में रहने वाले व्यक्ति' को FEMA, 1999 की धारा 2 (V) में परिभाषित किया गया है, जिसके अंतर्गत
- कुछ अपवादों को छोड़कर, पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 182 दिनों से अधिक समय तक भारत में रहने वाला व्यक्ति। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत में पंजीकृत या निगमित कोई भी व्यक्ति या कॉर्पोरेट निकाय ।
- भारत में कार्यालय, शाखा या एजेंसी जिसका स्वामित्त्व या नियंत्रण भारत से बाहर के किसी व्यक्ति के पास हो।
- भारत के बाहर का कोई कार्यालय, शाखा या एजेंसी जिसका स्वामित्व या नियंत्रण भारत के किसी निवासी व्यक्ति द्वारा किया जाता हो।

नोट :

**54 D**

**व्याख्या:**

- **E-20 इथेनॉल ईंधन:**
  - **परिचय:**
    - ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिये इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम सरकार का एक प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है।
    - E20, पेट्रोल के साथ 20% इथेनॉल का मिश्रण है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2025 तक इथेनॉल के 20% सम्मिश्रण को पूर्ण रूप से प्राप्त करना है और HPCL तथा अन्य तेल विपणन कंपनियाँ 2G-3G इथेनॉल संयंत्र स्थापित कर रही हैं जो इस प्रगति में अहम भूमिका निभाएंगी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - इथेनॉल एक ऑक्टेन बूस्टर के रूप में कार्य करता है, जिससे इंजन के प्रदर्शन में सुधार हो सकता है और इंजन बंद होने की समस्या में कमी आ सकती है। ऐसा इसलिये है क्योंकि इथेनॉल की उच्च-ऑक्टेन रेटिंग होती है तथा जब इसे गैसोलीन के साथ मिश्रित किया जाता है, तो ईंधन की समग्र ऑक्टेन रेटिंग में वृद्धि होती है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदर्शन एवं दक्षता में सुधार देखने को मिलता है, विशेष रूप से उच्च संपीड़न अनुपात वाले इंजनों में। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**55 B**

**व्याख्या:**

- सरोजिनी नायडू, भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, कवि और राजनीतिज्ञ थीं।
- उनका जन्म 13 फरवरी, 1879 को हैदराबाद, भारत में हुआ था।
- वर्ष 1905 में बंगाल के विभाजन के मद्देनज़र वह भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल हो गईं।
- वह भारतीय-ब्रिटिश सहयोग (1931) हेतु गोलमेज़ सम्मेलन के अनिर्णायक दूसरे सत्र में गांधीजी के साथ लंदन गई थीं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 1925 (कानपुर सत्र) में नायडू को भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC) की पहली भारतीय महिला अध्यक्ष के रूप में चुना गया था जो वर्ष 1928 तक इस पद पर बनी रहीं। **अतः कथन 2 सही है।**

**56 C**

**व्याख्या:**

- माइक्रो-एलईडी स्व-प्रदीप्त डायोड हैं, जिसका अर्थ है कि जब एक विद्युत प्रवाह उनके माध्यम से गुज़रता है, तो वे एक अलग बैकलाइट या प्रकाश स्रोत के बिना प्रकाश का उत्सर्जन करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- OLED डिस्प्ले के विपरीत माइक्रो-एलईडी डिस्प्ले अकार्बनिक सामग्री जैसे- गैलियम नाइट्राइड का उपयोग करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- ये सामग्री उच्च चमक, दक्षता और स्थायित्व सहित कई लाभ प्रदान करती हैं।

**57 C**

**व्याख्या:**

- एवियन इन्फ्लूएंज़ा जिसे बर्ड फ्लू के रूप में भी जाना जाता है, एक संक्रामक बीमारी है जो मुख्य रूप से पक्षियों को प्रभावित करती है और कभी-कभी मनुष्यों को भी संक्रमित कर सकती है।
- इन्फ्लूएंज़ा वायरस चार प्रकार के होते हैं: इन्फ्लूएंज़ा A, B, C और D। **कथन 1 सही है।**
- यह वायरस मुर्गियों, बत्तखों, टर्की सहित घरेलू मुर्गियों को संक्रमित कर सकता है और थाईलैंड के चिड़ियाघरों में सूअरों, बिल्लियों यहाँ तक कि बाघों में H5N1 संक्रमण की खबरें मिली हैं।
- इन्फ्लूएंज़ा A वायरस को दो प्रकार के प्रोटीन HA (Hemagglutinin) और NA (Neuraminidase) के आधार पर 18HA और 11NA उप-प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

**58 C**

**व्याख्या:**

- ब्लैक सोल्जर फ्लाई स्ट्रैटिओमाइडे परिवार की एक मक्खी (डिप्टेरा) है जो आमतौर पर विश्व के कई हिस्सों में पाई जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वे हल्के सफेद रंग की होती हैं और खाद्य अपशिष्ट से लेकर खाद तक विभिन्न प्रकार के कार्बनिक पदार्थों को खाती हैं।
- इनमें उच्च अपशिष्ट-से-बायोमास रूपांतरण की दक्षता होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसका मतलब है खुद को गर्म रखने के लिये बहुत अधिक ऊर्जा का उपयोग करने वाले गर्म खून वाले स्तनधारियों और पक्षियों के विपरीत यह मक्खी भोजन को शरीर के द्रव्यमान में कुशलता से परिवर्तित कर सकती है।

**59 B**

**व्याख्या:**

- अप्रैल-दिसंबर 2022 में कृषि निर्यात मूल्य अप्रैल-दिसंबर 2021 के दौरान 36.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में 7.9% अधिक (39 बिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा।
- हालाँकि अप्रैल-दिसंबर 2021 के 24.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में अप्रैल-दिसंबर 2022 में आयात 15.4% (27.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर) बढ़ा है।
- नतीजतन, कृषि व्यापार खाते पर अधिशेष में और कमी आई है।
- भारत के कृषि-निर्यात विकास में दो बड़े योगदानकर्त्ता चावल और चीनी रहे हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत कपास के शुद्ध निर्यातक से शुद्ध आयातक बन गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

**60 D**

**व्याख्या:**

- कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) ने बुनियादी ढाँचे के आधुनिकीकरण के लिये 'निर्माण से शक्ति' नामक एक पहल की शुरुआत की।
- इसमें कर्मचारी राज्य बीमा स्कीम (ESIS) अस्पतालों और औषधालयों का चरणबद्ध उन्नयन/आधुनिकीकरण, बेहतर आधुनिक सुविधाओं वाले 100/200/500 बिस्तरों वाले अस्पतालों के लिये मानक डिज़ाइनों का विकास, परियोजना निगरानी/पर्यवेक्षण के लिये एक ऑनलाइन वास्तविक समय डैशबोर्ड का विकास, निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये नई भवन प्रौद्योगिकियों को अपनाना, विलंब को समाप्त करना और लागत में वृद्धि करना, भूमि/संपत्ति दस्तावेज़ो का डिजिटलीकरण आदि शामिल हैं। **अतः विकल्प d सही है।**

**61 D**

**व्याख्या:**

- चक्रवाती स्थितियाँ वायुमंडलीय स्थितियों के एक समूह को संदर्भित करती हैं जो चक्रवातों के गठन और तीव्रता से संबंधित होती हैं।
- चक्रवाती स्थितियों में सामान्यत: कम वायुमंडलीय दबाव, उच्च आर्द्रता और तेज़ हवाएँ शामिल होती हैं, जो कम दबाव के केंद्र के चारों ओर प्रवाहित होती हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- उत्तरी गोलार्द्ध में चक्रवाती हवाएँ कम दबाव वाले केंद्र के चारों ओर वामावर्त घूमती हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- दक्षिणी गोलार्द्ध में चक्रवाती हवाएँ दक्षिणावर्त घूमती हैं। चक्रवात की ताकत और स्थान के आधार पर हवाओं की गति एवं दिशा अलग-अलग हो सकती है।

**62 D**

**व्याख्या:**

- मारबर्ग वायरस रोग (MVD) एक दुर्लभ परंतु गंभीर रक्तस्रावी बुखार है जो मनुष्यों और गैर-मनुष्यों प्राइमेट्स दोनों को प्रभावित करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इबोला वायरस की छह प्रजातियाँ फाइलोवायरस परिवार की एकमात्र अन्य ज्ञात सदस्य हैं।

नोट :

- MVD मारबर्ग वायरस के कारण होता है, जो कि फाइलोवायरस परिवार का एक आनुवंशिक रूप से विशिष्ट ज़ूनोटिक RNA वायरस है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**63 C**

**व्याख्या:**

**न्यायिक समीक्षा की प्रक्रिया का समर्थन करने वाले संविधान में कुछ प्रावधान हैं:**

- **अनुच्छेद 372 (1):** यह अनुच्छेद भारतीय संविधान के लागू होने से पूर्व बनाए गए किसी कानून की न्यायिक समीक्षा से संबंधित प्रावधान करता है।
- **अनुच्छेद 13:** यह अनुच्छेद घोषणा करता है कि कोई भी कानून जो मौलिक अधिकारों से संबंधित किसी प्रावधान का उल्लंघन करता है, मान्य नहीं होगा।
- **अनुच्छेद 32 और अनुच्छेद 226** सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय को मौलिक अधिकारों का रक्षक एवं गारंटीकर्त्ता की भूमिका प्रदान करते हैं।
- **अनुच्छेद 251 और अनुच्छेद 254** में कहा गया है कि संघ और राज्य कानूनों के बीच असंगतता के मामले में राज्य कानून शून्य हो जाएगा।
- **अनुच्छेद 246 (3)** राज्य सूची से संबंधित मामलों पर राज्य विधायिका की अनन्य शक्तियों को सुनिश्चित करता है।
- **अनुच्छेद 245** संसद एवं राज्य विधायिकाओं द्वारा निर्मित कानूनों की क्षेत्रीय सीमा तय करने से संबंधित है।
- **अनुच्छेद 131-136** में सर्वोच्च न्यायालय को व्यक्तियों तथा राज्यों के बीच, राज्यों तथा संघ के बीच विवादों में निर्णय लेने की शक्ति प्रदान की गई है।
- **अनुच्छेद 137** सर्वोच्च न्यायालय को उसके द्वारा सुनाए गए किसी भी निर्णय या आदेश की समीक्षा करने हेतु एक विशेष शक्ति प्रदान करता है। **अतः विकल्प C सही है।**

**64 A**

**व्याख्या:**

- क्वासीक्रिस्टल आकर्षक पदार्थ हैं जो कि विशेषताओं का एक अनूठा संयोजन है। ये प्राकृतिक दुनिया में वैविध्य की शक्ति और सौंदर्य का प्रतीक हैं।
- पारंपरिक क्रिस्टल के परमाणु दोहराव वाले पैटर्न में व्यवस्थित होते हैं, जबकि क्वासीक्रिस्टल के परमाणु एक पैटर्न में व्यवस्थित होते हैं जिनमें परमाणुओं का दोहराव यादृच्छिक अंतराल पर होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पहला प्राकृतिक क्वासीक्रिस्टल वर्ष 2009 में रूस में खातिरका उल्कापिंड में खोजा गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**65 C**

**व्याख्या:**

- **एयर-लॉन्च्ड अनमैन्ड एरियल व्हीकल (ALUAV):**
  - ALUAV ड्रोन या मानव रहित हवाई वाहन (Unmanned Aerial Vehicle- UAV) होते हैं जो सामान्यतः एक सैन्य परिवहन विमान से लॉन्च किये जाते हैं जो उन्हें ज़मीन से लॉन्च किये गए UAV की तुलना में अधिक ऊँचाई पर संचालित करने की अनुमति देते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ALUAV को सेना को हवाई टोही, निगरानी और खुफिया जानकारी एकत्र करने की क्षमता प्रदान करने हेतु डिज़ाइन किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - ALUAV सामान्यतः उन्नत संवेदक और संचार उपकरणों से युक्त है एवं उच्च ऊँचाई के साथ विस्तारित अवधि हेतु काम कर सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :